## सार-समाचार

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

उदयपुर, (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 10 से 24 अप्रेल 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो उदयपुर द्वारा आमजन में कोविड से बचाव एवं स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के प्रति सजगता तथा जागरूकता लाने के लिए एक अभिनव प्रयोग करते हुए आज झीलो की नगरी उदयपुर के फतहसागर, पीछोला झील की पाल पर एवं सुखाडिया सर्किल तथा सेलिब्रेशन मॉल में विभाग के गीत एवं नाटक कलाकारो द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम फ्लैश आयोजन किया गया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया की केन्द्र सरकार ने सभी मंत्रालयो को अलग-अलग अवधि के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा मनाने एवं इस दौरान स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश प्रदान किए गए है। उन्होने बताया की उदयपुर शहर के अलावा प्रदेश के कोटा, जोधपुर, अजमेर, जयपुर में भी स्वच्छता पखवाडे के दौरान गीत एवं नाटक कलाकारो द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम (फलैश मोब्स) का आयोजित कर आमजन को स्वच्छता के महत्व तथा स्वच्छता को अपनी जीवन शेली में अपनाने की अपील की जाएगी।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर विकास शर्मा के निर्देशानुसार द विजन एकेडमी, विद्यालय परिसर में बुधवार को श्रीमती चेतना भाटी पुलिस उप अधीक्षक महिला अनुसंधान प्रकोष्ठ, उदयपुर द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर क्राइम के बारे में कई जानकारियां प्रदान की गई। इसके अलावा बच्चों को गुड टच, बैड टच, मोबाइल के दुरुपयोग व सदुपयोग, महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा हेतु पुलिस हेल्पलाइन नंबर और उम्र के हर पड़ाव पर भी निरंतर शिक्षा ग्रहण करते रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर प्रतिमा सामर द्वारा किया गया। जिन्होंने बच्चों को भविष्य में इन सभी जानकारियों को अपनाने व उनके प्रति सचेत रहने के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

उदयपुर, (कासं)। वैद्य भवानी शंकर राजकीय आयुर्वेद औषधालय सुन्दरवास द्वारा बुधवार को वर्धमान पब्लिक सेकेण्डरी स्कूल सुन्दरवास व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुन्दरवास के विद्यार्थियों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इसमें 202 विद्यार्थियों को नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ परीक्षण डॉ सरोज मेनारिया व डॉ. युगल किशोर मेघवाल ने किया। दवा वितरण वरिष्ठ कम्पाउण्डर भूपेन्द्र कुमार सरपोटा व प्रदीप कुमार, हेमन्त कुमार सिंह ने किया। डॉ.सरोज मेनारिया ने स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली गई।

### चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। शहर के फराशवाडा मोहल्ल में एक सूने मकान में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी का गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने की सफलता हासिल की है। थानाधिकारी ने बताया जेनब पत्नी अकील हुसैन खेरवाडा वाला निवासी धनलक्ष्मी मार्केट शेखवाडा ने 27 मार्च को रिपोर्ट देकर बताया कि शेखवाडा स्थित मकान में शाम को 7.40 पर खाना खाने के मस्जिद में गई थी। वापस आकर देखा तो मकान के अंदर अलमारी में रखे 3० हजार नकद, 1.5 तोला सोना का एक ब्रेसलेट और गोल्ड प्लेटेट घडी चोरी हो गया था। टीम ने तकनीकी तथा परंपरागत पुलिसिंग के आधार पर फराशवाडा निवासी इब्राहिम उर्फ इब्बू पुत्र इश्तियाक खान पठान को गिरफ्तार किया गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

उदयपुर, (कासं)। शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने सादडी पाली निवासी नन्दकिशोर माली पुत्र भगवान लाल माली के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि वर्ष 2020 में आरोपी से संपर्क होने के बाद शादी करने की बात कही। इस पर दोनों लिविंग रिलेशन के रूप में साथ रहे। इस दौरान आरोपी ने मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा किराणा दुकान लगाने के लिए 5 लाख रूपये उधार लिए। कुछ दिनों बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 'कोचिंग संस्थाओं में विद्यार्थियों को सकारात्मक माहौल मिले'


जिला स्तरीय कोचिंग निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई।

उदयपुर, (कासं)। कोचिंग संस्थाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं इनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक संबल तथा सुरक्षा प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय कोचिंग निगरानी समिति का गठन किया गया है।

समिति की पहली बैठक बुधवार सबह कलेक्ट्रेट सभागार में जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष एवं एडीएम ओपी बुनकर द्वारा ली गई। बैठक में राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की कड़ी अनुपालना के निर्देश दिए गए। साथ ही कोचिंग संचालकों की समस्याओं को भी सुना गया। सीईओ ने कहा कि प्रतिमाह इस समिति की बैठक आयोजित कर समीक्षा की जाएगी।

बैठक में जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष ने कोचिंग संचालकों से कहा कि अपने परिसर में स्टूडेंट्स के लिए प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था रखें। साथ ही समय-समय पर स्टूडेंट्स की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग भी हो जिससे कि आत्महत्या की प्रवृति पर रोकथाम लगाने में हम योगदान दे सकें। उन्होंने कोचिंग संस्थाओं को स्टूडेंट फ्रेंडली बनाने पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी बुनकर ने दिशा-निर्देशों की जानकारी देकर इनकी अक्षरश अनुपालना करने की बात कही।

उन्होंने शिक्षकों को संवेदनशील रहने, सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों को हतोत्साहित नहीं करने, फीडबैक फॉर्म की अनिवार्य रूप से व्यवस्था करने, केयर टेकर नियुक्त करने आदि को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया कि जिले में संचालित कोचिंग संस्थाओं पर नियंत्रण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जा चुका है। वर्तमान में उदयपुर कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 102 में यह संचालित है और इसके प्रभावी संचालन के निर्देश दिए गए हैं और कहा गया है कि संबंधित शिकायत आने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जावे।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

कपासन, (निसं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र शेखर जोशी के नेतृत्व में आज बुधवार को अपनी 11 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन एसडीएम अर्चना बुगालिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार और महासंघ के बीच मांगों को लेकर पूर्व में 14 सितंबर 021 को लिखित समझौता हुआ था। जिसको सरकार ने अब तक लागू नहीं किया, जबकि महासंघ ने इस समझौते को लागू करवाने के लिए बजट पूर्व जयपुर में ध्यानाकर्षण महारैली का भी आयोजन किया। इसके बावजूद सरकार ने बजट में मंत्रालयिक कर्मचारियों की अनदेखी की। जिस पर अब 11 सूत्रीय मांगपत्र के समर्थन में महासंघ के बैनर तले समस्त मंत्रालयिक कर्मचारी 10 अप्रैल से अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं अगर और 17 अप्रैल से मांगे मानी जान तक जयपुर में महापड़ाव डाला जाएगा।मुख्य मांगों में पदोन्नित के प्रथम पद वरिष्ठ सहायक की ठोड पे 2800 के स्थान पर 3600 की जाने, प्रारम्भिक वेतन 9840/- को पुनस्थापित कर सातवें वेतन आयोग में तदनुसार मूल वेतन 25500/- निर्धारण किया जाने, समकक्ष कैडर के समान कनिष्ठ सहायक की योग्यता स्नातक की जाने सहित 11 मांगे सम्मिलित हैं। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्र शेखर जोशी, अजीज मोहम्मद, सतीश कुमार, उदयलाल खटीक, दशरथ सिंह, युगांशु चाष्टा, शक्ति सिंह, नारायण लाल जाट, कैलाश जाट, जगदीश चन्द्र आदि मंत्रालयिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पोस्टर का विमोचन

बांसवाड़ा, (निसं)।श्री राधा कृष्ण शंख मंदिर के द्वादश पाटोत्सव पर 5 से 11 मई तक साध्वी आर्या पंडित के मुखारविंद से होने वाले भागवत ज्ञान यज्ञ धार्मिक अनुष्ठान के पोस्टर का विमोचन भारत माता मंदिर के संत रामस्वरूप महाराज ने किया। श्री राधा कृष्ण शंख मंदिर व्यवस्था एवं विकास समिति के अध्यक्ष राजेश भावसार ने बताया कि शास्त्री नवनीत पंड्या ने मंत्रोच्चार से रामस्वरूप महाराज का स्वागत किया।

# जागरूकता पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित


वेबिनार को कुलपति प्रो.सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

उदयपुर, (कासं)। भारत सरकार के वाणिज्यिक मंत्रालय के राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय पेटेंट कार्यालय व जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ की संघटक इकाई लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पेटेंट व डिजाइन की जागरूकता विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वेबिनार में कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि आज के समय में बौद्धिक संपदा अधिकार की आवश्यकता एक उच्च स्तर की मनोवैज्ञानिक, तकनीकी, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, तथा सामाजिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बौद्धिक संपदा अधिकार हमारे देश और समाज के लिए भी आवश्यक होता है। यह हमें अपने देश में अपने विचारों को व्यक्त करने की अनुमति देता है जिससे देश के विकास में मदद मिलती है। उच्च शिक्षा में बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण करने की बहुत आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में प्रदत्त विशेष जानकारी सभी अवश्य एकत्र करें।

प्राचार्या डॉ. सरोज गर्ग ने कहा कि भारत सरकार के इस मिशन का उद्देश्य बडी संख्या में शैक्षणिक संस्थानों में आईपी फाइलिंग का एक सिस्टम स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में जानने का उत्तम अवसर है। भारत सरकार की पहल से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किया गया है। विद्यापीठ के केन्द्रीय कार्यालय की ओर से ऑनलाइन कार्यशाला का समन्वयन डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी ने किया।

### सांसद ने दिव्यांगों से की वार्ता

राजसमंद, (निसं)। सांसद दीया कुमारी और एलिम्को द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को नि:शुल्क बैटरी संचालित ट्राई-साइकिल दिये जाने हेतु पात्रता जांच शिविर के दूसरे दिन जिला मुख्यालय पर राजनगर के भिक्षु निलयम परिसर में दिव्यांगजनों की आवश्यकता को देखते हुए एलिम्को भारत सरकार के संगठन के माध्यम से जिले की चारों विधानसभाओं नाथद्वारा, कुंभलगढ, भीम व राजसमंद के दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें 35० आवेदन प्राप्त हुए। जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी ने सांसद दीया कुमारी द्वारा दिव्यांग जनों के लिए आयोजित नि:शुल्क बैटरी संचालित ट्राई साइकिल पात्रता जांच शिविर में शिरकत की। दिव्यांग जनों से बातचीत करते हुए जिला प्रमुख ने सभी को हर संभव मदद का आश्वासन दिया एवं विभाग के अधिकारियों को कहा की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं गांव स्तर पर हर दिव्यांग की जानकारी प्राप्त कर उसे मदद पहुंचाएं। शिविर में आए दिव्यांगजनों से दीया कुमारी ने दूरभाष (मोबाइल) से वार्ता की।


**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/ SEIAA/ SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(22281) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 80/2021 क्षेत्रफल 1.1883 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 399540 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1(22044) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 87/2021 क्षेत्रफल 4.9030 हेक्टर वास्ते खनिज क्वार्ट्ज फैल्सपार एण्ड ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजसमद (राज.) Production Capacity Granite 460268 TPA (ROM) Quartz Feldspar 26560 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4) / SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1 (22282)2022-23 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 81 / 2021 क्षेत्रफल 1.2484 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 272093 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/ SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1 (22279) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 77/2021 क्षेत्रफल 1.2144 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 200004 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1(22040) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 82/2021 क्षेत्रफल 1.4428 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 241685 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1(22042) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 78 /2021 क्षेत्रफल 1.2281 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 285818 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/ SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1 (22278) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 76/2021 क्षेत्रफल 1.1979 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजसमद (राज.) Production Capacity Granite 315083 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/ SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(22043) 2022-23 Jaipur Dated 22 March 2023 के द्वारा मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 86/2021 क्षेत्रफल 4.4536 हेक्टर वास्ते खनिज क्वार्ट्ज फैल्सपार एण्ड ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजसमद (राज.) Production Capacity Granite 457184 TPA (ROM) Quartz Feldspar 55177 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बृजनगर स्टोन्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B1(22277) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 75/2021 क्षेत्रफल 1.2988 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 190400 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www-rpcb-nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/ SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1(22179) 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स नेक्सा एवरग्रीन एनर्जी प्लॉट नम्बर 105/2021 क्षेत्रफल 1.7389 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम अनोपपुरा तहसील देवगढ़ जिला राजसमद (राज.) Production Capacity Granite 214286 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स नेक्सा एवरग्रीन ऐनर्जी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B1 (22280)/ 2021-22 Jaipur Dated 10 April 2023 के द्वारा मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी प्लॉट नम्बर 85 / 2021 क्षेत्रफल 1.2319 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम भचेड़िया तहसील देवगढ़ जिला राजंसमद (राज.) Production Capacity Granite 414489 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**मैसर्स बनास बिल्डर्स एण्ड डवलपर्स एल एल पी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA /SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-B2 (22074) 2022-23 Jaipur Dated 8 March 2023 के द्वारा श्री देवी सिंह सह खातेदार श्री राम सिंह ML नम्बर 44/2022 क्षेत्रफल 1.4873 हेक्टर वास्ते खनिज क्वार्ट्ज फैल्सपार निकट ग्राम कमेरी तहसील देवगढ़ जिला राजसमद (राज.) Production Capacity Quartz Feldspar 68750 TPA (ROM) के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SEIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

**श्री देवी सिंह सह खातेदार श्री राम सिंह**


# डॉ. अतुल लुहाडिया बने विशिष्ट वक्ता


गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेस्ट एवं टी.बी विशेषज्ञ डॉ अतुल लुहाडिया को विशिष्ट वक्ता के रूप में चुना गया।

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेस्ट एवं टी.बी विशेषज्ञ डॉ अतुल लुहाडिया को जालंधर, पंजाब में आयोजित एसोसिएशन ऑफ थोरेसिक फिजिशियन एवं सर्जन सोसायटी राष्ट्रीय सम्मेलन टेस्कॉन में उदयपुर से विशिष्ट वक्ता के रूप में चुना गया। सम्मेलन में डॉ लुहाडिया ने फेफडों की दूरबीन (ब्रोंकोस्कोपी) जांच द्वारा बलगम खांसी में खून आने पर निदान एवं उपचार के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि अगर रोगी के खांसी में खून आता है तो यह एक गंभीर लक्षण होता है, कई बार फेफडों से ज्यादा खून आने पर मरीज गंभीर हो सकता है एवं जान को खतरा भी हो सकता है।

### संत समागम का आयोजन

भीम, (निसं)। निरंकारी संत समागम का आयोजन तहसील रोड कोठारी कंपलेक्स में हुआ। ज्ञान प्रचारक पृथ्वीसिंह चौहान एवं सर्व साध संगत भीम द्वारा आयोजित संत समागम के मुख्य अतिथि अजमेर जोनल इंचार्ज महात्मा धमनदास थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निरंकारी संत धमन दास ने कहा कि सत्संग से जीवन का उद्धार भी होता है, और सुधार भी होता है। प्रभु का एहसास गलत मार्ग पर चलने से बचाता है। जब भी हमारे अंदर क्रोध जैसा विकार उत्पन्न होता है, वह पहले अपने आप का नुकसान करता है।जब भी प्रभु की अभिन्न अंग संगतो का एहसास कम हो जाता है, तब ही भक्तों से गलती होती है। परमात्मा का एहसास हमें पल-पल गलती से बचाता है। तथा कहा कि जीवन में कितनी भी कठिन आया आ जाएं, पर सेवा सिमरन और संगत करते रहना चाहिए। ज्ञान को हल्के में नहीं ले शना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन औमसिंह पंवार द्वारा किया गया। संत समागम के बाद लंगर का आयोजन भी किया गया।

# पेसिफिक के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण


पेसिफिक के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस स्टडीज के बीबीए, बीकॉम तथा बीए जर्नलिस्म एवं मास कम्युनिकेशन विद्यार्थियों के दल ने देहरादून, मसूरी, हरिद्वार और ऋषिकेश के प्रसिद्ध स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इससे विद्यार्थियों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के इन स्थानों के बारे में जानने का मौका मिला।

हरिद्वार और ऋषिकेश न केवल भारतीय संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण स्थल हैं, बल्कि इन स्थानों के सुंदर दृष्यों और शांति से भरे माहौल ने इन्हें एक प्रमुख पर्यटन स्थल बना दिया है। देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान तथा रॉबर्स केव जहां एक गुफा के अंदर बहता हुआ झरना और नदी है उसे देखना विद्यार्थियों के लिए बहुत रोमांचक रहा। मसूरी में मॉल रोड पर घूमते हुए विद्यार्थियों ने स्थानीय बाजार की विषेशताओं को जाना। यहां का केम्प्टी फॉल जो कि ऊंची चट्टान से गिरता है, उसके ठंडे झरने का छात्रों ने आनंद उठाया। ऋषिकेश में देश की सबसे मशहूर रिवर राफ्टिंग में 16 किलोमीटर की दूरी नाव के जरिए पार करवाई गई। इस एडवेंचर को करने दुनिया के दूर-दूर से लोग यहां आकर रिवर राफ्टिंग करते हैं। ऋषिकेश दौरे ने विद्यार्थियों को योग के महत्त्व को जानने का भी मौका दिया। उन्होनें योग और मेडिटेशन कराने वाले कई स्थानों का दौरा किया। यात्रा के दौरान, विद्यार्थियों ने हरिद्वार के हर की पौड़ी और मंदिर में जाकर धर्म और आध्यात्मिकता का महत्व अनुभव किया।

### कांग्रेस की ली सदस्यता

बांसवाड़ा, (निसं)। ग्राम पंचायत पलावानी में नाथपुरा कला गांव में बडी संख्या में भाजपाईयों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन लोगों ने राज्य सरकार की विकास योजनाओं से प्रभावित होकर राज्यमंत्री अर्जुन बामनिया की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इन युवाओं ने कहा कि विकास की सौगातों को देखते हुए उन्होंने कांग्रेस से जुडने का निर्णय लिया है। राज्यमंत्री बामनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिये ऐतिहासिक बजट दिया है जिसकी देश में चर्चा है। राहत बचत और बढत के इस बजट ने राज्यवासियों के सपनों को नई उडान दी है। उन्होंने बताया कि महंगाई राहत शिविर भी लगाये जा रहे हैं ताकि हर पात्र को योजना का लाभ मिल सके। बाद में राज्यमंत्री ने राउमावि पलासवानी में दो अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यऋम के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए बामनिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास का पर्याय है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद से लेकर सडक तक आम आदमी के हितों के लिये संघर्ष कर रहे हैं।

# 'कल्याणकारी योजनाओं की सफलता में पंचायतों का अहम योगदान'



राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत जिला कलेक्टर ( बीच में ) ने पंचायतों को पुरस्कृत किया।

उदयपुर, (कासं)। बुधवार को जिला परिषद सभागार में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा, जिला प्रमुख ममता कुँवर, जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, एसीईओ विनय पाठक ने विभिन्न श्रेणियों में पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान कलेक्टर ने विजेता पंचायतों को बधाई दी एवं इन पंचायतों के सरपंचों से उनके द्वारा किए गए विशेष कार्यकलापों पर प्रजेंटेशन भी लिया।

कलक्टर ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की सफलता में पंचायतों का योगदान महत्वपूर्ण है। सभी जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का धरातल पर व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। जिला प्रमुख ममता कुँवर ने कहा कि देश निर्माण में पंचायतीराज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम में जिला परिषद् सदस्य, प्रधान, सरपंच तथा जिला स्तरीय अधिकारी, विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित हुए। मुख्य आयोजना अधिकारी पुनीत शर्मा द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2023 अन्तर्गत दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों एवं सशक्त पंचायत सतत विकास की नौ थीमों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। कुल नौ श्रेणियों में आठ पचायत समितियों से 27 ग्राम पंचायतो को पुरस्कृत किया गया है जिसमें सर्वाधिक 06 श्रेणी में झाडोल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मगवास को तथा चार श्रेणियों में बडगांव पंचायत समिति की भुवाणा ग्राम पंचायत प्रदान किये। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा गरीबी मुक्त पंचायत वर्ग में ग्राम पंचायत मगवास, पडला, नाइजर, स्वस्थ पंचायत वर्ग में मगवास, देबारी, अदवास, बाल मित्र पंचायत वर्ग में देबारी, भुवाना, पडला, पर्याप्त जल उपलब्धता पंचायत श्रेणी में लखावली, मगवास एवं देवास, क्लीन एंड ग्रीन पंचायत श्रेणी में लखावली, बिछीवाड़ा, नेवज, आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना श्रेणी में ओगना एवं पीपलीखेडा को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### बदमाशो ने चेन व नकदी लूटी

उदयपुर, (कासं)। बाइक सवार से मारपीट कर चेन व नकदी लूटने वाले तीन नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ सविना थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पीडित गीतांजली में संचालिक केंटीन सुपरवाईजर एकलिंपुरा राम विहार निवासी निरज शर्मा ने प्रकरण दर्ज करवाया। कि 10 अप्रेल रात में ड्यूटी खत्म होने पर बाइक पर अपने घर लौट रहा था। जहां बीच रासते विक्टोरिया हॉस्पीटल के समीप मैन रोड़ एकलिंगपुरा पर बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर गले से सोने की चेन व 2500 रूपये लूट ले गये।


प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/2023/22069 **लोक - सूचना** दिनांक: 6/4/2023

श्रीमती शांति देवी भील पत्नी श्री शोभालाल भील, श्री मुरलीधर भील एवं श्री मोहन लाल भील, पिता श्री शोभालाल भील, श्रीमती कमला भील पिता श्री शोभालाल पत्नी श्री चुन्नीलाल, श्रीमती पुष्पा भील पिता श्री शोभालाल पत्नी श्री ठाकुर राम मीणा, श्रीमती पार्वती भील पिता श्री शोभालाल पत्नी श्री ठाकुर राम मीणा निवासी नाथद्वारा, तहसील नाथद्वारा-जिला राजसमन्द ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर - कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 4085/1459 | कुल रकबा 0.0202 हैक्टर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 6/4/2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

fincare Small Finance Bank | **शाखा के पते में परिवर्तन के लिए सार्वजनिक सूचना**

सामान्य जन तथा फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड के ग्राहकों को यह जानकारी दी जाती है कि निम्न शाखाओं के पते में परिवर्तन होगा। शाखा में वर्तमान में चल रहे सभी अकाउन्ट्स/ट्रांजेक्शन वहीं रहेंगे। स्थान के नये पते तथा पुराने पते का विवरण, परिवर्तन के प्रभावी दिन के साथ, नोटिस में एनेक्चर-ए के रूप में संलग्न है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अपने टांसजेक्शन के लिये शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें/नये पते पर जाये।
और जानकारी के लिये कृपया हमारे पास आयें या निम्न ब्रांच के शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें। शाखा प्रबन्धक का संपर्क नम्बर इस सूचना के साथ संलग्न एनेक्चर-ए में उपलब्ध है। फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड।

"एनेक्सर-ए"

| क्र. सं. | शाखा | राज्य | पते में परिवर्तन की प्रभावी तारीख | पुराना पता | नया पता | सम्पर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भीम-10503 | आरजे | 20 अप्रेल 23 | फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि., अपर ग्राउन्ड फ्लोर, एनएच-08, बलाईयों का कुआ, थोली घाटी, जेके फिटनस सेन्टर, भीम, जिला-राजसमन्द, राजस्थान-305992 | फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि., पहली मंजिल, एस.एन.इन्द्र प्लाजा, बैंक ऑफ बडौदा बिल्डिंग, सदर बाजार, पी.ओ.एवं पी.एस.-भीम, जिला-राजसमन्द, आर.जे.पिन-305921 | 7073574128 |

